| | | नदियों पर बने जलाशयों के क्या | 2017 April | जलाशयों से हजारों एकड़ | जलाशयों से हजारों एकड़ जमीन सींची जाती है । जलाशयों की सहायता से ऊर्जा उत्पादन | 4 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | लाभ हैं ?<br><br>कर्नाटक की शिल्पकला और वास्तुकला का वर्णन कीजिए ।<br><br>बांध और जलाशयों के क्या उपयोग | 2017 April<br>July 2022<br>2022 April<br><br>2017 June | जमीन सींची जाती है ।<br><br>कर्नाटक की शिल्पकला बादामी, ऐहोले, पट्टदकल्लू बेलूर, हलेबीडु, सोमनाथपुर की शिल्पकला और वास्तुकला अद्भुत है।<br><br>बांध और जलाशयों से हजारों एकड़ जमीन की | केंद्र स्थापित हुए हैं ।<br><br>i) बादामी, ऐहोले, पट्टदकल्लू के मंदिरों की शिल्पकला अद्भुत है।<br><br>ii) बेलूर, हलेबीडु, सोमनाथपुर के मंदिरों की मूर्तियाँ सजीव लगती हैं।<br><br>iii) श्रवणबेलगोल में गोमटेश्वर की 57 फुट एकशिला प्रतिमा दुनिया को त्याग और शांति का संदेश दे रही है। (कोई दो )<br><br>i) बादामी, ऐहोले, पट्टदकल्लु के मंदिरों की वास्तुकला अद्भुत है ।<br><br>ii) विजयपुर के गोलगुंबत की व्हिस्परिंग गेलरी वास्तुकला का श्रेष्ठ उदाहरण है ।<br><br>iii) मैसुरु का राजमहल कर्नाटक के वैभव का प्रतीक है<br><br>iv) सेंट फिलोमिना चर्च, जगनमोहन राजमहल का पुरातत्व वस्तु संग्रहालय आकर्षणीय है । (कोई दो )<br><br>बांध और जलाशयों से हजारों एकड़ जमीन की सिंचाई की जा सकती है। जलाशयों की | <br><br><br><br><br><br>2 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | हैं ? | | सिंचाई की जा सकती है। | सहायता से ऊर्जा का उत्पादन भी किया जाता है। | |
| | | कर्नाटक की शिल्पकला का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए । | 2018 April | कर्नाटक की शिल्पकला बादामी, ऐहोले, पट्टदकल्लू बेलूर,हलेबीडु,सोमनाथपुर की शिल्पकला अद्‌भुत है। | कर्नाटक की शिल्पकला अनोखी है बादामी, अयहोले, पट्टदकल्लू के मंदिरों में उत्कृष्ट शिल्पकला देखी जा सकती है । बेलूरु, हलेबीडु, सोमनाथपुर मंदिर की पत्थर की मूर्तियाँ बड़ी सजीव लगती हैं। ये हमें रामायण, महाभारत, पुराणों की । याद दिलाते हैं । श्रवणबेलगोल की एक शिला प्रतिमा सुंदर शिल्प का उदाहरण है । | 2 |
| | | कन्नड़ भाषा एवं संस्कृति को कर्नाटक के साहित्यकारों की देन के बारे में? | 2018 April | कर्नाटक के साहित्यकारों की देन हैं बसवण्णा, अक्कमहादेवी, अल्लमप्रभु, सर्वज्ञ आदि सत कवियों के वचन प्रेम, दया और धर्म की सीख देते हैं । | i) बसवण्णा, अक्कमहादेवी, अल्लमप्रभु, सर्वज्ञ आदि सत कवियों के वचन प्रेम, दया और धर्म की सीख देते हैं ।<br>ii) पुरंदरदास, कनकदास आदि भक्त कवियों ने भक्ति, नीति और सदाचार के गीत गाए हैं।<br>iii) पंप, रन्न, पोन्न, कुमारव्यास, हरिहर आदि ने महान काव्य की रचना कर कन्नड़ साहित्य को समृद्ध किया है।<br>iv) आधुनिक काल के आठ दिग्गज साहित्यकारों ने ज्ञानपीठ पुरस्कार प्राप्त कर कन्नड़ भाषा, संस्कृति और कर्नाटक के गौरव को बढ़ाया है। | 3 |
| | | कर्नाटक के प्राकृतिक सौंदर्य का वर्णन कीजिए। | 2018 April | कर्नाटक के प्राकृतिक नयन मनोहर है। पश्चिम से दक्षिण तक लंबी | नयन मनोहर है।पश्चिम में विशाल अरबी समुद्र है । | 3 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | पर्वतमालाएं फैली हैं । | उसी प्रांत में दक्षिण से उत्तर के छोर तक फैली पर्वतमालाओं को पश्चिमी घाट कहते हैं।<br><br>पश्चिमी घाटों का कुछ भाग सह्याद्रि' कहलाता है ।<br><br>दक्षिण में नीलगिरी की पर्वतावालियों शोभायमान हैं। | |
| | | कन्नड भाषा तथा संस्कृति के लिए कर्नाटक के साहित्यकारों की देन अमूल्य है - स्पष्ट कीजिए । | 2018 June | कर्नाटक के साहित्यकारों की देन हैं बसवण्णा, अक्कमहादेवी, अल्लमप्रभु, सर्वज्ञ आदि सत कवियों के वचन प्रेम, दया और धर्म की सीख देते हैं । | बसवण्णा, अक्कमहादेवी, अलप्रभु और सर्वज्ञ जैसे वचनकारों ने अपने वचनां द्वारा प्रेम, दया और धर्म की सीख दी है।<br>पुरंदरदास, कनकदास आदि भक्त कवियों के सदाचार, भक्ति, नीति के गीत अमूल्य देन हैं।<br>पंप, रन्न, पान, कुमारख्यास, हरिहर, राधयांक आदि प्राचीन कवियों ने महान काव्यों की रचना की है कुर्वेपु, द. रा. बेंद्रे, शिवराम कारंत, मास्ति वेंकटेश अय्यंगार, वि. कृ. गोकाक, यू. आर. अनंतमूर्ति, गिरीश कार्नाड और चंद्रशेखर कंबार ज्ञानपीठ पुरस्कार से अलंकृत हैं । | 3 |
| | | | | | बसवण्णा, अक्कमहादेवी, अल्लमप्रभु, सर्वज्ञ आदि संत कवियों के वचन प्रेम, दया और धर्म की सीख देते हैं। | 3 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | कर्नाटक के साहित्यकारों की कन्नड़ भाषा तथा संस्कृति को क्या देन है ? | 2018 June | कर्नाटक के साहित्यकारों की देन हैं बसवण्णा, अक्कमहादेवी, अल्लमप्रभु, सर्वज्ञ आदि सत कवियों के वचन प्रेम, दया और धर्म की सीख देते हैं । | पुरंदरदास, कनकदास आदि भक्त कवियों ने भक्ति, ति और सदाचार के गीत गाए हैं।<br>पंप, रन्न, पोन्न, कुमारव्यास, हरिहर आदि ने महान काव्यों की रचना कर कन्नड़ साहित्य को समृद्ध किया है ।<br>आधुनिक काल के आठ दिग्गज साहित्यकारों ने ज्ञानपीठ पुरस्कार प्राप्त कर कन्नड़ भाषा, संस्कृति और कर्नाटक का गौरव बढ़ाया है। | 3 |
| | | 'कर्नाटक की प्राकृतिक सुषमा नयन मनोहर है।' इसका समर्थन कीजिए । | 2018 June | कर्नाटक के प्राकृतिक नयन मनोहर है। पश्चिम से दक्षिण तक लंबी पर्वतमालाएं फैली हैं । | कर्नाटक पर प्रकृति माता की विशेष कृपा है । सर्वत्र हरियाली है । इसके पश्चिम में विशाल अरब सागर (समुद्र) लहराता है। दक्षिण से उत्तरी छोर तक फैली लंबी पर्वतमालाएँ 'पश्चिमी घाट' कहलाती है । इनकी कुछ भाग 'सह्याद्रि' कहलाता है । दक्षिण में नीलगिरि की पर्वतावलियाँ शोभायमान है। नदियों, जलप्रपातों और घाटियों से युक्त कर्नाटक प्रकृति की अद्‌भुत देन है । | 3 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | कर्नाटक की प्राकृतिक सुषमा का वर्णन कीजिए। | 2019 April | कर्नाटक के प्राकृतिक नयन मनोहर है। पश्चिम से दक्षिण तक लंबी पर्वतमालाएं फैली हैं । | कर्नाटक की प्राकृतिक सुषमा नयन मनोहर है । इसके पश्चिम में विशाल अरब सागर है। इस प्रांत के दक्षिण से उत्तरी छोर तक लबी पर्वतमालाएँ फैली हुयी हैं । ये पश्चिमी घाट कहलाती हैं । इसका कुछ भाग 'सह्याद्रि' कहलाता है । दक्षिण में नीलगिरि की पर्वतावलियाँ शोभायमान हैं । | 3 |
| | | "कर्नाटक की शिल्पकला और वास्तुकला अद्भुत है ।" इस बात का समर्थन कीजिए | 2019 June | कर्नाटक की शिल्पकला बादामी, ऐहोले, पट्टदकल्लू बेलूर, हलेबीडु, सोमनाथपुर की शिल्पकला और वास्तुकला अद्भुत है। | कर्नाटक राज्य की शिल्पकला अनोखी है। बादामी, ऐहोले, पट्टदकल्लु<br><br>के मंदिरों की शिल्पकला और वास्तुकला अद्भुत है । बेलूर, हलेबीडु,<br><br>सोमनाथपुर में पत्थर की मूर्तियाँ सजीव लगती हैं जो रामायण, महाभारत की<br><br>कहानियाँ सुनाती हैं । श्रवणबेलगोल में 57 फीट ऊँची गोमटेश्वर की एक शिला<br><br>प्रतिमा है, जो त्याग और शांति का संदेश देती है। विजयपुर के गोलगुंबज की<br><br>व्हिस्परिंग गेलरी वास्तुकला का अद्वितीय दृष्टांत है। मैसूर का राजमहल<br><br>कर्नाटक के वैभव का प्रतीक है। सेंट फिलोमिना चर्च, जगनमोहन राजमहलअत्यंत आकर्षणीय हैं। | 3 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | कर्नाटक की प्राकृतिक सुषमा का वर्णन कीजिए । | 2019 June | कर्नाटक के प्राकृतिक नयन मनोहर है। पश्चिम से दक्षिण तक लंबी पर्वतमालाएं फैली हैं । | कर्नाटक की प्राकृतिक सुषमा नयन मनोहर है । इसके पश्चिम में विशाल अरब सागर है । इस प्रांत के दक्षिण से उत्तरी छोर तक लंबी पर्वतमालाएं फैली हुयी हैं। ये पश्चिमी घाट कहलाती हैं। इसका कुछ भाग 'सह्याद्रि' कहलाता है । दक्षिण में नीलगिरि की पर्वतावलियाँ शोभायमान हैं । | 3 |
| | | कन्नड भाषा तथा संस्कृति को कर्नाटक के साहित्यकारों की देन क्या है ? | 2020 June | कर्नाटक के साहित्यकारों की देन हैं बसवण्णा, अक्कमहादेवी, अल्लमप्रभु, सर्वज्ञ आदि सत कवियों के वचन प्रेम, दया और धर्म की सीख देते हैं । | वचनकार बसवण्णा क्रांतिकारी समाज सुधारक थ । अक्कमहादेवी, अल्लमप्रभु सर्वज्ञ जैसे संतों ने बचनों द्वारा प्रेम, दया और धर्म की सीख दी है ।<br><br>पुरंदरदास, कनकदास जैसे भक्त कवियों ने नीति, सदाचार के गीत गाये हैं।<br>पंप, रन्न, पोन, कुमारव्यास, हरिहर, राघवांक आदि कवियों ने कन्नड साहित्य को समृद्ध बनाया है । | 3 |
| | | बेंगलूरु विश्वभर में क्यों प्रसिद्ध है ? वर्णन कीजिए । | 2020 Sep | बेंगलूरू की बृहत् संस्थाएँ हैं । | बेंगलूरु शिक्षा और बड़े-बड़े उद्योग-धंधों का केंद्र है । यहाँ देश-विदेश के लोग आकर बस गये हैं । यहाँ प्रसिद्ध भारतीय विज्ञान संस्थान, एच० ए० एल. एच० एम० टी० आई० टी० आइ, बी० इ० एल. बी० एच० इ० एल० जैसी बृहत संस्थाएँ हैं । इसे 'सिलिकान सिटी' कहते हैं । | |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | कर्नाटक की शिल्पकला अनोखी है। बादामी, ऐहोले पदकन्तु में जो मंदिर है, उनकी शिल्पकला अद्भुत है।<br><br>बेलूर, सोमनाथपुर के मंदिरों में जो मूर्तियाँ हैं, ये सजीव लगती है ।<br><br>* श्रवणबेलगोल में गोमटेश्वर की 57 फीट ऊंची एकशिला प्रतिमा है। | |
| | बाल-शक्ति | 'बाल-शक्ति' टोली ने गाँव की सफाई के लिए क्या-क्या काम किया?<br><br>आप गाँव को 'आदर्श गाँव' कैसे बना सकते हैं ? | 2018 April<br><br>2019 April | 'बाल-शक्ति' टोली ने गाँव की सफाई के लिएगड्ढों को मिट्टी से ढँका / भरा सबको वहीं कूड़ा डालने को कहा गाँव को हरा-भरा रखने<br><br>गाँव को 'आदर्श गाँव बनाने के लिए परस्पर सहयोग से वातावरण स्वच्छ रखना । | गधि के गड्ढों को मिट्टी से ढँका / भरा। गाँव का कूड़ा डालने के लिए निश्चित जगह बनाकर, सबको वहीं कूड़ा डालने को कहा । गाँव को हरा-भरा रखने के लिए चारों तरफ पेड़-पौधे लगाए।<br><br>* गाँव की गंदगी दूर करना ।<br>गाँव के चारों ओर पेड़ लगाना ।<br>गाँव का कूड़ा एक निश्चित जगह पर डालना ।<br>परस्पर सहयोग से वातावरण स्वच्छ रखना ।<br>इन अंशों द्वारा गाँव 'आदर्श गाँव' बन सकता है।<br>(* किन्हीं दो अंशों का चयन करें ।) | 2<br><br>2 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | आप गाँव को आदर्श गाँव' कैसे बना सकते हैं | 2019 June | गाँव को 'आदर्श गाँव बनाने के लिए परस्पर सहयोग से वातावरण स्वच्छ रखना । | गाँव की गंदगी दूर करना ।<br>गाँव के चारों ओर पेड़ लगाना ।<br>गाँव का कूड़ा एक निश्चित जगह पर डालना ।<br>परस्पर सहयोग से वातावरण स्वच्छ रखना ।<br>इन अंशों द्वारा गाँव 'आदर्श गाँव' बन सकता है।<br>( किन्हीं दो अंशों का चयन करें ।) | 3 |
| | | बाल शक्ति' लघु नाटिका द्वारा बच्चों में किन गुणों को विकसित किया जा सकता है ? | 2019 June | बाल शक्ति' लघु नाटिका द्वारा बच्चों में आपस में ही सुधार तथा परिवर्तन के गुण भी सीखते हैं। | 'बाल सूक्ति' नाटिका द्वारा बच्चों में परस्पर मिल-जुलकर रहने, अनुशासन सीखने, विद्यालय का कार्य करने, स्वच्छता रखने और गाँव को आदर्श गाँव बनाने आदि गुणों का विकास किया जा सकता है। वे आपस में ही सुधार तथा परिवर्तन के गुण भी सीखते हैं। | 2 |
| | | कलेक्टर साहब ने बालशक्ति की तारीफ कैसे की ? | 2020 June | कलेक्टर साहब ने बालशक्ति के कारण आपका गाँव एक आदर्श गाँव बन गया है । | इस गाँव को साफ-सुधरा देखकर मुझे हार्दिक प्रसन्नता हुई है । गाँव को एक नया जीवन प्रदान किया गया है। इन बच्चों की जितनी बड़ाई की जाए उतनी ही थोड़ी है । बालशक्ति के कारण आपका गाँव एक आदर्श गाँव बन गया है । | 3 |
| | | कलेक्टर साहब ने बालशक्ति टोली की प्रशंसा क्यों की ? बताइए । | 2020 Sep | कलेक्टर साहब ने बालशक्ति के कारण आपका गाँव एक आदर्श गाँव बन गया है । | 'बालशक्ति' के बालकों ने गाँव और स्कूल के वातावरण को साफ़,सुंदर बनाया था। पेड़-पौध लगाकर हरा-भरा रखा था। गाँव के लोगों को स्वच्छता का पाठ पढ़ाया था। आदर्श गाँव बनाया था । | 3 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 'बाल-शक्ति' टोली की तारीफ़ किसने की ?<br><br>गाँव को आदर्श गाँव कैसे बनाया जा सकता है ? | 2023 April<br><br>2023 June | कलेक्टर साहब ने<br><br>गाँव को 'आदर्श गाँव बनाने के लिए परस्पर सहयोग से वातावरण स्वच्छ रखना । | कलेक्टर ने<br><br>गाँव को हरा-भरा रखना ।<br>गाँव में पेड़-पौधे लगाना ।<br>गाँव को स्वच्छ रखना और स्वच्छ वातावरण देना । | 1<br><br>2 |

# पद्य

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | मातृभूमि | भारत माता अपने मुक्त हाथों से क्या बाँट रही  है ? | अप्रैल 2015<br>जून 2015 | सुख-संपत्ति, धन-धाम | भारत माता अपने मुक्त हाथों से सुख-संपत्ति और धन-धाम बाँट रही है। | 01 |
| | | मातृभूमि के खेत कैसे हैं ?<br>भारत के खेत कैसे हैं ? | अप्रैल 2017<br>अप्रैल 2019<br>अप्रैल 2022 | हरे-भरे और सुहाने | मातृभूमि के खेत हरे-भरे और सुहाने हैं ।<br>भारत के खेत हरे-भरे और सुहाने हैं । | 01 |
| | | कवि किस से जग का रूप बदलने का निवेदन कर रहे हैं । | जून 2016 | भारत-माता से | कवि भारतमाता से जग का रूप बदलने के लिए प्रार्थना करते है। | 01 |
| | | कवि भगवतीचरण वर्मा भगवान से क्या निवेदन कर रहे है ? | अप्रैल 2018 | जग का रूप बदलने के लिए | कवि भगवतीचरण भगवान से जग का रूप बदलने का निवेदन कर रहे हैं । | 01 |
| | | कवि किसे प्रणाम कर रहे हैं ? | अप्रैल 2023 | मातृभूमि को | कवि मातृभूमि को प्रणाम कर रहे है । | 01 |
| | | कवि भारतमाता से क्या प्रार्थना करते है ? | अप्रैल 2020<br>सितंबर 2020 | जग का रूप बदलने के लिए | कवि भारतमाता से जग का रूप बदलने के लिए प्रार्थना करते है। | 01 |
| | | भारत माता सुख-संपत्ति, धन-धाम कैसे बाँट रही है ? | जून 2023 | मुक्त हाथों से | भारत माता सुख-संपत्ति, धन-धाम मुक्त हाथों से बाँट रही है । | 01 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | कवि भगवतीचरण वर्मा ने मातृभूमि का स्वरूप किस तरह कविता में उभारा है ?<br><br>मातृभूमि कविता में भारत माता का स्वरूप कैसे सुशोभित है ?<br><br>भारत माता के स्वरूप पर प्रकाश डालिए। | अप्रैल 2015<br><br>जून 2017<br><br>जून 2019 | हरे-भरे सुन्दर खेत,<br>फल-फूल,<br>वन-उपवन,<br>अपार खनिज सम्पदा<br>न्याय पताका<br>ज्ञान का दीप | मातृभूमि हरे-भरे सुन्दर खेत, फल-फूल, वन-उपवन,अपार खनिज सम्पदा से सुशोभित हैं। उसके एक हाथ में न्याय पताका है और दूसरे हाथ में ज्ञान का दीप है। | 02<br><br>02<br><br>03 |
| | | कवि भारत माता को 'अमरों की जननी' क्यों कहते हैं ? | सितंबर 2020 | भारत भूमि में गाँधी, बुद्ध और राम जैसे अमर व्यक्तियों का जन्म हुआ है | भारत भूमि में गाँधी, बुद्ध और राम जैसे अमर व्यक्तियों का जन्म हुआ है । | 02 |
| | | कवि भगवतीचरणवर्मा ने मातृभूमि के प्रकृति सौंदर्य को किस प्रकार वर्णित किया है?<br><br>मातृभूमि के प्रकृति सौंदर्य का वर्णन कीजिए । | जून 2016<br><br>जून 2018<br>जून 2015 | खेत हरे-भरे<br>वन-उपवन फल-फूलों से भरे<br>खनिज रूपी धन | मातृभूमि के खेत हरे-भरे हैं ।<br>वन-उपवन फल-फूलों से भरे हुए हैं ।<br>मातृभूमि के अंदर खनिज रूपी धन अपार भरा हुआ हैं । | 02 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 'मातृभूमि' कविता में प्राकृतिक समृद्धि का वर्णन किस प्रकार किया गया है ? | अप्रैल 2016<br>अप्रैल 2017 | | | 03 |
| | | भारत माँ के प्रकृति सौंदर्य का वर्णन कीजिए। | जून 2018<br>अप्रैल 2022<br>जून 2022 | | | |
| | | मातृभूमि प्रकृति की सुंदरता का वर्णन कीजिए| | जून 2023 | | | |
| | | मातृभूमि के प्रकृति सौंदर्य का वर्णन कीजिए । | जून 2019 | | | |
| | | मातृभूमि के प्राकृतिक प्रकृति सौंदर्य का वर्णन कीजिए । | जून 2018 | | | |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | मातृभूमि का प्राकृतिक सौंदर्य कैसे है ? वर्णन कीजिए \|<br><br>निम्नलिखित प्रथम दो शब्दों के सूचित संबंधों के अनुरूप तीसरे शब्द का सम्बंधित शब्द  लिखिए :<br><br>पताका : न्याय का प्रतीक :: दीप : ……..…..……..<br><br>मातृभूमि के वन-उपवन : फल - फूलों से भरे : : मातृभूमि के खेत : ……..…..…….. | जून 2017 | ज्ञान का प्रतीक<br><br>हरे-भरे | ज्ञान का प्रतीक<br><br>हरे-भरे | 01 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | अभिनव मनुष्य | दिनकर जी के अनुसार आधुनिक मानव ने किस पर विजय पायी है ?<br><br>आधुनिक पुरुष ने किस पर विजय पायी है।<br><br>कवि दिनकर के अनुसार आधुनिक मनुष्य ने किस पर विजय पायी है ? | अप्रैल 2015<br><br>अप्रैल 2018<br><br>जून 2017<br><br>जून 2016 | प्रकृति के हर तत्व | आधुनिक मानव ने प्रकृति के हर तत्व पर विजय पायी है । | 01 |
| | | 'अभिनव मनुष्य' कविता के अनुसार परमाणु किसे देखकर काँपते हैं ? | अप्रैल 2016 | मनुष्य के करों को | 'अभिनव मनुष्य' कविता के अनुसार परमाणु मनुष्य के करों को देखकर काँपते है। | 01 |
| | | पवन का ताप किसके हुक्म पर चढ़ता-उतरता है ? | जून 2017 | मानव के | पवन का ताप मानव के हुक्म पर चढ़ता-उतरता है । | 01 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | आज की दुनिया कैसी है ?<br>कविता के अनुसार वर्तमान दुनिया कैसे है ?<br>कवि के अनुसार आज की दुनिया कैसी है ?<br>दिनकर जी के अनुसार आज की दुनिया कैसी है ? | अप्रैल 2019<br>जून 2022<br>जून 2019<br>सितंबर 2020<br>अप्रैल 2023 | विचित्र और नवीन | आज की दुनिया विचित्र और नवीन है ।<br>कविता के अनुसार वर्तमान दुनिया विचित्र और नवीन है ।<br>कवि के अनुसार आज की दुनिया विचित्र और नवीन है ।<br>दिनकर जी के अनुसार आज की दुनिया विचित्र और नवीन है । | 01 |
| | | आज मनुज का यान कहाँ जा रहा है ? | अप्रैल 2020 | गगन में | आज मनुज का यान गगन में जा रहा है । | 01 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | दिनकर जी के अनुसार मानव की सही पहचान क्या है ?<br>दिनकर जी के अनुसार मानव का सही परिचय क्या है ?<br>'अभिनव मनुष्य' के आधार पर मनुष्य का सही परिचय कैसे स्थापित किया गया है ?<br>कवि दिनकर के अनुसार 'मानव का सही परिचय' क्या है। स्पष्ट कीजिए।<br>दिनकर जी के अनुसार मानव का सही परिचय क्या है ? | जून 2015<br>अप्रैल 2016<br>जून 2016<br>अप्रैल 2018<br>अप्रैल 2023<br>जून 2019<br>अप्रैल 2017<br>अप्रैल 2015<br>अप्रैल 2017<br>जून 2018<br>जून 2022 | जो मानव दूसरे मानव के साथ आपसी ईर्ष्या-द्वेष को छोड़कर, प्रेम से भाईचारे के साथ रहता है वही सही मानव है । | कवि दिनकरजी के अनुसार मानव-मानव के बीच स्नेह का बाँध बाँधना मानव की सिद्धि है । एक मानव दूसरे मानव से प्रेम का रिश्ता जोड़कर आपस की दूरी को मिटाए और बुद्धि तत्व के बदले हृदय तत्व को प्रधानता दे । यही मानव का सही परिचय है । | 02<br>03 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | आधुनिक मानव की भौतिक साधना का विवरण कविता के आधार पर दीजिए।<br><br>'प्रकृति पर सर्वत्र हे विजयी पुरुष आसीन ' इस पंक्ति का आशय क्या हे ?<br><br>आधुनिक मानव ने प्रकृति के हर तत्व पर कैसे विजय प्राप्त की है। वर्णन कीजिए<br><br>कवि दिनकर जी ने वैज्ञानिक युग और आधुनिक मानव का विश्लेषण कैसे किया है ? स्पष्ट कीजिए । | अप्रैल 2019<br><br>अप्रैल 2020<br><br>सितंबर 2020<br><br>जून 2023 | प्रकृति के तत्वों पर अपना नियंत्रण<br><br>नदी, पर्वत, सागर को लाँघना | आधुनिक मानव ने प्रकृति के हर तत्त्व को अपने नियंत्रण में कर लिया है ।<br>वह नदी, पर्वत, सागर लाँघ सकता है ।<br>उसका यान आकाश में जा रहा है ।<br>वह परमाणु प्रयोग भी कर रहा है ।<br>उसकी बौद्धिक क्षमता असीमित है ।<br>लेकिन मानव-मानव के बीच स्नेह का बाँध बाँधना भी उसका कर्तव्य है ।<br>आधुनिक मानव ने जल, विद्युत, वायु आदि प्रकृति के तत्वों पर अपना नियंत्रण कर रखा है । नदी, पर्वत, सागर को लाँघ सकता ह । परमाणु प्रयोग कर सकता है । व्योम से पाताल तक सब कुछ जानता है । | 03 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | निम्नलिखित प्रथम दो शब्दों के सूचित संबंधों के अनुरूप तीसरे शब्द का सम्बंधित शब्द लिखिए :<br><br>मातृभूमि : भगवतीचरण वर्मा :: अभिनव मनुष्य : | अप्रैल 2017 | रामधारी सिंह 'दिनकर' | रामधारी सिंह 'दिनकर' | 01 |
| | तुलसी के दोहे | राम नाम की महिमा के बारे में तुलसीदास क्या कहते हैं ?<br><br>तुलसीदास के अनुसार राम-नाम जपने से क्या होता है ?<br><br>तुलसीदास के अनुसार राम-नाम की महिमा क्या है ? | अप्रैल 2015<br><br>जून 2015<br><br>जून 2016 | राम-नाम की महिमा | राम नाम जपने से मानव की आंतरिक एवं बाह्य शुद्धि होती है, जिस प्रकार देहरी पर दीया रखने से घर के भीतर और बाहर प्रकाश फैलता है । | 02 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | तुलसीदास के अनुसार विपत्ति के साथी कौन-कौन हैं ? | अप्रैल 2016 | विद्या, विनय, विवेक<br>राम पर भरोसा | मनुष्य पर जब विपत्ति पड़ती है तब विद्या, विनय, विवेक ही उसका साथ निभाते हैं । जो राम पर भरोसा करता है, वह साहसी, सत्यव्रती और सुकृतवान बनता है । | 02 |
| | | तुलसीदास के अनुसार मनुष्य को हंस से क्या सीखना चाहिए ? | अप्रैल 2017 | जड़-चेतन और गुण-दोष<br>विकारों को त्यागकर सद्गुणों को अपनाना | सृष्टिकर्ता ने संसार को जड़ - चेतन और गुण-दोष से बनाया है। मनुष्य को हंस की तरह विकारों को त्यागकर सद्गुणों को अपनाना चाहिए। | 02 |
| | | तुलसीदास जी ने मुखिया के बारे में क्या कहा है ? | अप्रैल 2018 | मुँह खाने-पीने का काम<br>शरीर के सारे अंगों का पालन-पोषण<br>मुखिया को विवेकवान | मुँह खाने-पीने का काम कर, शरीर के सारे अंगों का पालन-पोषण करता है । उसी प्रकार मुखिया को विवेकवान होना है । | 02 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | निम्नलिखित प्रथम दो शब्दों के सूचित संबंधों के अनुरूप तीसरे शब्द का सम्बंधित शब्द लिखिए<br><br>जीभ की तुलना :देहरी से: :राम नाम की तुलना :<br><br>पाप का मूल : अभिमान :: धर्म का मूल : | जून 2019<br><br>अप्रैल 2019 | दीप से<br><br>दया | दीप से<br><br>दया | 01<br><br>01 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | निम्नलिखित दोहे का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए :<br><br>दया धर्म का मूल है, पाप का मूल अभिमान ।<br>तुलसी दया न छाँड़िये, जब लग घट में प्राण ।। | जून 2015<br>जून 2016<br>अप्रैल 2017<br>जून 2018<br>अप्रैल 2019<br>जून 2019<br>अप्रैल 2022 | धर्म का मूल- दया<br>पाप का मूल- अभिमान | कवि का नाम तुलसीदास ।<br>तुलसीदास जी कहते हैं कि, दया धर्म का मूल है और अभिमान पाप का । जब तक शरीर में प्राण है, तब तक मानव को अपना अभिमान छोड़कर दयालु बने रहना चाहिए । | 03 |
| | | राम नाम मणि दीप धरु, जीह देहरी द्वार ।<br>तुलसी भीतर बाहिरौ, जो चाहसि उजियार ।। | अप्रैल 2016<br>अप्रैल 2018<br>जून 2023 | राम-नाम की महिमा | तुलसीदास कहते हैं कि जिस प्रकार देहरी पर दीप रखने से घर के भीतर तथा आँगन में प्रकाश फैलता है, उसी प्रकार राम-नाम जपने से मानव की आंतरिक और बाह्य शुद्धि होती है । | 03 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | तुलसी साथी विपत्ति के, विद्या विनय विवेक।<br>साहस सुकृति सुसत्यव्रत, राम भरोसो एक।। | अप्रैल 2015<br>जून 2017 | विपत्ति के साथी<br>विद्या, विनय, विवेक<br>राम पर भरोसा<br>साहसी, सत्यव्रती और सुकृतवान | प्रस्तुत दोहे को हिन्दी साहित्य में भक्तिकाल के राम भक्त कवियों में श्रेष्ठ तुलसीदास जी ने लिखा है । वे कहते हैं, मनुष्य पर जब विपत्ति पड़ती है तब विद्या, विनय, विवेक ही उसका साथ निभाते हैं । जो राम पर भरोसा करता है, वह साहसी, सत्यव्रती और सुकृतवान बनता है । | 03 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | मुखिया मुख सों चाहिए, खान पान को एक । पालै पोसै सकल अंग, तुलसी सहित विवेक ।। | अप्रैल 2020 सितंबर 2020 जून 2022 अप्रैल 2023 | मुखिया के लक्षण | कवि का नाम तुलसीदास । तुलसीदास ने मुखिया के लक्षणों के बारे में बताया है । मुखिया को मुख की तरह होना चाहिए । मुँह अकेला खाता है, शरीर के सभी अंगों का समान रुप से विकास होता है । वैसे ही मुखिया को समाज के सभी अंगों के विकास के लिए सदा काम करना चाहिए । | 03 |
| | समय की पहचान | ईश से दिया हए अनुपम धन क्या है ? | जून 2019 | समय | ईश से दिया हए अनुपम धन समय है । | 01 |
| | | बहाने बनाने का प्रमुख कारण क्या है ? | अप्रैल 2022 जून 2022 | आलस | बहाने बनाने का प्रमुख कारण आलस है । | 01 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 'समय की पहचान' कविता में कवि किस पर विश्वास करने को कहते हैं ? | जून 2023 | आत्मा | समय की पहचान कविता में कवि आत्मा पर विश्वास करने को कहते हैं । | 01 |
| | | समय के सदुपयोग से क्या तात्पर्य है ?<br><br>समय को अमूल्य क्यों माना जाता है ?<br><br>हमारे जीवन में समय का क्या महत्त्व है ?<br><br>समय का सदुपयोग कैसे करना चाहिए ? | जून 2015<br><br>जून 2016<br>अप्रैल 2016<br>अप्रैल 2018<br>जून 2022<br><br>जून 2018<br>जून 2022<br>जून 2023 | अनमोल रत्न है ।<br>समय ही जीवन है ।<br>हमारा जीवन समय से बना है ।<br>व्यर्थ नहीं गँवाना | समय को कभी बेकार नहीं गँवाना चाहिए ।<br>*किसी भी काम को उसके नियत समय पर ही करना चाहिए ।<br>*काम करने में आलस करने से समय नष्ट होता है ।<br>*समय का सही उपयोग करनेवाला सुखी हाता है ।<br>( कोई दो अंश )<br><br>समय अनमोल है । ईश्वर द्वारा मनुष्य को प्राप्त अनुपम धन है । समय को व्यर्थ नहीं गँवाना चाहिए । बीता हुआ समय वापस नहीं मिलता । समय का सदुपयोग करनेवालों को ही सफलता प्राप्त होती है । | 02<br><br>03 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 'समय की पहचान' कविता का संक्षिप्त सारांश लिखिए।<br>कवि समय का सदुपयोग करने को क्यों कहते हैं ?<br>'समय अत्यंत अनमोल है' । कविता के आधार पर स्पष्ट  कीजिए ।<br>कविता के आधार पर समय के महत्व को समझाइए । | अप्रैल 2019<br>अप्रैल 2020<br>सितंबर 2020<br>अप्रैल 2023 | | | |
| | | मानव के लिए सुख की प्राप्ति कब संभव है  ? | जून 2019 | समय का सदुपयोग | मनुष्य के लिए सुख की प्राप्ति तब संभव है जब वह समय का सदुपयोग करता है।  काम केसमय को बहाने करके नहीं टालता है।   समय का नष्ट न करके सुसमय पर जो काम करना है, उसे मन लगाकर करता है। | 02 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | समय के निकल जाने पर उसके पीछे दौड़ने वालों की हालत कैसी होती है ? | अप्रैल 2017 | सफलता प्राप्त नहीं होगी। | वे जीवन में आगे नहीं बढ़ सकते। उन्हें ज़िन्दगी में सफलता प्राप्त नहीं होगी। | 02 |
| | सूर श्याम | निम्नलिखित प्रथम दो शब्दों के सूचित संबंधों के अनुरूप तीसरे शब्द का सम्बंधित शब्द लिखिए :<br><br>बालकृष्ण का रंग : काला :: नन्द और यशोदा का रंग :<br><br>बोलाबाला : बालकृष्ण : : चुगलखोर :<br><br>कृष्ण को चिढानेवाले : बलराम : : चुटकी देकर हँसने वाले :<br><br>चुगलखोर : बलराम: : बोलाबाला: | जून 2019<br>अप्रैल 2020<br><br>अप्रैल 2022<br><br>सितंबर 2020<br><br>जून 2022 | गोरा<br><br>बलराम<br><br>ग्वालमित्र<br><br>कृष्ण | गोरा<br><br>बलराम<br><br>ग्वालमित्र<br><br>कृष्ण | 01 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | कृष्ण को चिढ़ाने वाला : बलराम :: कृष्ण को मनाने वाली : ....<br><br>कृष्ण का रंग : काला ::यशोदा का रंग :<br><br>तुलसीदास : रामभक्त कवि : : सूरदास :<br><br>बालकृष्ण का रंग कैसा था ? | अप्रैल 2023<br><br>जून 2023<br><br>जून 2015<br><br>जून 2018 | यशोदा<br><br>गोरा<br><br>कृष्णभक्त कवि<br><br>काला / श्याम | यशोदा<br><br>गोरा<br><br>कृष्णभक्त कवि<br><br>बालकृष्ण का रंग काला / श्याम था । | |
| | | यशोदा क्यों खुश हो जाती थी ? | अप्रैल 2015 | कृष्ण की बातें<br>क्रोधयुक्त मुख | यशोदा बाल कृष्ण की बातें सुनकर और उसके क्रोधयुक्त मुख को देखकर खुश हो जाती थी। | 02 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | कृष्ण बलराम के साथ क्यों खेलना नहीं चाहता था ? | अप्रैल 2016 | खिझाता है<br>ग्वालबाल भी चुटकी मारकर हँसते हैं । | बलराम बार-बार कहता और खिझाता है कि मैं मोलकर लाया गया हूँ । बलराम के कहने पर ग्वालबाल भी चुटकी मारकर हँसते हैं । | 02 |
| | | माता यशोदा कृष्ण की नाराज़गी कैसे दूर करती हैं ?<br><br>क्रोधित कृष्ण को यशोदा कैसे शांत करती है ?<br><br>यशोदा, कृष्ण को कैसे मनाती है ?<br><br>यशोदा कृष्ण को कैसे शांत करती है ?<br><br>यशोदा कृष्ण के क्रोध को कैसे शांत करती है ? | जून 2015<br><br>जून 2016<br><br>अप्रैल 2017<br><br>अप्रैल 2020<br><br>अप्रैल 2022 | बलराम चुगलखोर है<br>गोधन की सौगन्ध<br>हे कृष्ण ! तुम मेरे ही पुत्र हो । और मैं तुम्हारी माता हूँ । | यशोदा कृष्ण से कहती हैं कि बलराम चुगलखोर है, जन्म से ही धूर्त है । वह गोधन की सौगन्ध खाकर कहती हैं कि हे कृष्ण ! तुम मेरे ही पुत्र हो । और मैं तुम्हारी माता हूँ । | 02 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | माता यशोदा से कृष्ण क्यों नाराज़ है ?<br><br>कृष्ण अपनी माता यशोदा के प्रति क्यों नाराज  है ? | अप्रैल 2018<br><br>जून 2018 | यशोदा हमेशा उसी को मारती    है । बलराम को कभी नहीं   डाटती । | कृष्ण इसलिए नाराज है कि यशोदा हमेशा उसी को मारती  है । बलराम को कभी नहीं डाटती । | 02 |
| | | कृष्ण बलराम के प्रति क्यों नाराज है ? | जून 2018 | खिझाता<br><br>ग्वालबाल भी चुटकी मारकर हँसते हैं । | बलराम बार-बार कहता और खिझाता है कि मैं मोलकर लाया गया हूँ । | 02 |
| | | बालकृष्ण अपनी माता से क्या-क्या शिकायतें करता है ?<br><br>बलराम कृष्ण के माता-पिता के बारे में क्या कहता है ? | जून 2022<br>जून 2023<br><br>अप्रैल 2019<br>जून 2019<br>जून 2023 | नंद और यशोदा गोरे हैं, लेकिन तुम्हारा शरीर क्यों काला है ? तुम्हें   यशोदा माँ ने जन्म नहीं दिया है बल्कि मोल लिया है । | नंद और यशोदा गोरे हैं, लेकिन तुम्हारा शरीर क्यों काला है ? तुम्हें   यशोदा माँ ने जन्म नहीं दिया है बल्कि मोल लिया है । | 02 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | कोशिश करनेवालों की कभी हार नहीं होती | निम्नलिखित कवितांश पूर्ण कीजिए :<br><br>असफलता ......................,<br>…………………………..<br>………………………….,<br>…………...भागो तुम । | अप्रैल 2019<br>अप्रैल 2020<br>अप्रैल 2022<br>अप्रैल 2023<br>जून 2019<br>सितंबर 2020<br>जून 2022<br>जून 2023 | असफलता एक चुनौती है, इसे स्वीकार करो, क्या कमी रह गई, देखो और सुधार करो । जब तक न सफल हो, नींद चैन को त्यागो तुम,संघर्ष का मैदान छोड़कर मत भागो तुम । | असफलता एक चुनौती है, इसे स्वीकार करो,<br>क्या कमी रह गई, देखो और सुधार करो ।<br>जब तक न सफल हो, नींद चैन को त्यागो तुम,<br>संघर्ष का मैदान छोड़कर मत भागो तुम । | 04 |

# दसवी कक्षा - पूरक वाचन - तृतीय भाषा हिंदी मूल्यांकन 2023-24

| क्र.सं | पाठ/ कविता / पूरक वाचन/ इकाई/ व्याक रण | प्रश्न / सवाल | परीक्षा में पूछे गए (महिना /साल) | मूल्यांकन के अंश /प्रमुख बिंदु | विस्तार् में लिखना उत्तर | अंक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | शनि : सबसे सुंदर ग्रह | शनैःचर का अर्थ क्या है ? शनि किसका पुत्र है ? | April- 2015, June- 2016, April- 2020 | धीमी गति से चलनेवाला। सूर्य का पुत्र है । | शनै: चर का अर्थ है- धीमी गति से चलनेवाला। शनि सूर्य का पुत्र है । | 02 |
| | | शनैःचर का क्या अर्थ है ? इस ग्रह के बारे में लोगों का अंधविश्वास क्या है ? | June- 2015 | धीमी गति से चलनेवाला। साढ़े सात साल तक उसकी खैर नहीं। | शनै: चर का अर्थ धीमी गति से चलने वाला। अंधविश्वास यह है, कि एक बार यदि यह ग्रह किसी की राशि में पहुँच जाए, तो फिर साढ़े सात साल तक उसकी खैर नहीं । | 02 |
| | | शनि ग्रह का निर्माणा किस प्रकार हुआ है ? शनि के उपग्रहों की संख्या कितनी है ? | June- 2015 | हाइड्रोजन, हीलियम, मीथेन तथा एमोनिया गैसों। उपग्रहों की संख्या 17 है। | शनि ग्रह का निर्माण हाइड्रोजन, हीलियम, मीथेन तथा एमोनिया गैसों से हुआ है। उपग्रहों की संख्या 17 है। टाइटन इसका सर्वाधिक दिलचस्प उपग्रह है । | 02 |
| | | शनि किसका पुत्र है ? इसे शनैःचर क्यों कहते है ? | April- 2016, | सूर्य का पुत्र है। धीमी गति से चलनेवाला। | शनि सूर्य का पुत्र है । शनै:चर का अर्थ है,धीमी गति से चलनेवाला। | 02 |
| | | शनि एक अत्यंत ठंडा ग्रह है । कैसे ? | June- 2016, April -2017 June-2017, 2019, 2020, | शनि ग्रह सूर्य से पृथ्वी की अपेक्षा करीब दस गुना अधिक दूर है, इसलिए वहाँ बहुत कम | शनि ग्रह सूर्य से पृथ्वी की अपेक्षा करीब दस गुना अधिक दूर है, इसलिए वहाँ बहुत कम सूर्य ताप पहुँचता है । शनि के वायुमंडल का तापमान शून्य के नीचे | 02 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | April - 2022 | सूर्य ताप पहुँचता है । | 150° सेंटिग्रेड के आसपास रहता है । | |
| | | शनि ग्रह का वायुमंडल किन गैसों से बना है ? | April- 2018, June- 2019, 2020 | हाइड्रोजन, हीलियम, मीथेन तथा एमोनिया। | शनि का वायुमंडल हाइड्रोजन, हीलियम, मीथेन तथा एमोनिया गैसों से बना है । | 02 |
| | | सौरमंडल में शनि ग्रह का क्या स्थान है ? | April -2018, June- 2023 | शनि सौरमंडल का दूसरा बड़ा ग्रह है। | सौरमंडल के सबसे बड़े ग्रह बृहस्पति के बाद शनि ग्रह की कक्षा है । शनि सौरमंडल का दूसरा बड़ा ग्रह है। | 02 |
| | | शनि ग्रह को शनैःचर क्यों कहते हैं ?<br>अथवा<br>शनैःचर का अर्थ क्या है ? | June- 2018 | धीमि गति से चलने की कारण से शनि को शनैःचर कहते है। | शनि धीमी गति से चलनेवाला। आकाश के गोल पर शनि ग्रह बहुत धीमी गति से चलता दिखाई देता है। यह करीब तीस वर्ष में सूर्य का एक चक्कर लगाता है । | 02 |
| | | टाइटन के बारे में लिखिए ।<br>अथवा<br>शनि का उपग्रह टाइटान के बारे में आप क्या जानते है ? | June- 2018, April 2019 | टाइटन हमारे चन्द्र से भी काफी बड़ा है।<br>इसका व्यास लगभग 5150 किलोमीटर है। | शनि का सबसे बड़ा चन्द्र टाइटन<br>सौर-मंडल सर्वाधिक महत्वपूर्ण और दिलचस्प उपग्रह है। टाइटन हमारे चन्द्र से भी काफी बड़ा है । इसका व्यास लग-भग 5150 किलोमीटर है। उसकी सतह पर अंतरिक्ष यान को उतारा जा सकता है । | 02 |
| | | सूर्य से पृथ्वी और् शनि का अंतर बताइए । | April-2020 | सूर्य से पृथ्वी 15 करोड़ किलोमीटर।<br>शनि 150 करोड़ कि मी। | सूर्य से पृथ्वी करीब 15 करोड़ किलोमीटर दूर है । सूर्य से शनि करीब 150 करोड़ किलोमीटर दूर है । | 02 |
| | | शनि सौर-मंडल का सर्वाधिक सुंदर | April –2019, | इसके चारों ओर सुंदर | शनि को सौरमंडल का अत्यंत सुंदर ग्रह कहा | 02 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | ग्रह है । कैसे ?<br>अथवा<br>शनि एक सुंदर ग्रह है । कैसे ? | 2022, 2023 | वलय दिखाई देते हैं। प्रकृति ने शनि के गले में खूबसूरत हार डाल दिये हैं। | जाता है । इसके चारों ओर सुंदर वलय दिखाई देते हैं। प्रकृति ने शनि के गले में खूबसूरत हार डाल दिये हैं। यह सौरमंडल का अत्यंत सुंदर और मनोहर ग्रह है। | |
| | | शनि ग्रह के उपग्रहों के बारे में लिखिए । | April – 2023 | 10 उपग्रह खोजे गये थे । 'टाइटन' शनि का सबसे बड़ा और दिलचस्प उपग्रह है । | पहले शनि के 10 उपग्रह खोजे गये थे । पयोनियर तथा वायजर अंतरिक्षयान की खोज-बीन से और सात उपग्रहों का पता चला। 'टाइटन' शनि का सबसे बड़ा और दिलचस्प उपग्रह है । | 02 |
| | सत्य की महिमा | सत्य की शक्ति के बारे में महात्मा गाँधी का कथन क्या है ? | April – 2015, June – 2015 April-2016, 2019 | सत्य एक विशाल वृक्ष है ।<br>जितना आदर किया जाता है, उतने ही फल मिलती है। | महात्मा गाँधी का कहना है "सत्य एक विशाल वृक्ष है । उसका जितना आदर किया जाता है, उतने ही फल उसमें<br>लगते हैं। उनका अंत नहीं होता ।" | 02 |
| | | सत्य क्या है , उसकी कल्पन क्या है ? | April – 2016 | सत्य बहुत भोला-भाला , बहुत ही सीधा-सादा । सत्य दृष्टि का प्रतिबिंब है, ज्ञान की प्रतिलिपि है, आत्म की वाणी है । | सत्य बहुत भोला-भाला , बहुत ही सीधा-सादा । जो कुछ भी अपनी आखों से देखा, बिना नमक-मिर्च लगाए बोल दिया- यही तो सत्य है । सत्य दृष्टि का प्रतिबिंब है, ज्ञान की प्रतिलिपि है, आत्म की वाणी है । | 02 |
| | | राजा हरिश्चंद्र की सत्यनिष्ठा के बारे में बताइए । | June - 2016 | राजा हरिश्चंद्र की सत्यनिष्ट्टा विश्वविख्यात है ।<br>उनकी कीर्ति आज भी सूरज की रोशनी से कम प्रकाशमान नहीं। | राजा हरिश्चंद्र की सत्यनिष्ट्टा विश्वविख्यात है । उन्हें सत्य के मार्ग पर चलने अनेक कठिनाइयों का सामना करना पडा, लेकिन उनकी कीर्ति आज भी सूरज की रोशनी से कम प्रकाशमान नहीं है । | 02 |
| | | झूठ बोलने वालों की स्थिति कैसी होती है ?<br>अथवा | April – 2017, 2018 , 2022 June – 2017, | लोगों का विश्वास उठ जाता है।<br>प्रगति के रास्ते बंद हो | झूठ बोलनेवालों पर से लोगों का विश्वास उठ जाता है। उनकी प्रगति के रास्ते बंद हो जाते हैं । व्यक्तित्व कुंठित हो जाता है । वे जीवन में आगे | 02 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | झूठ बोलने का परिणाम क्या होता है ?<br>अथवा<br>झूठ बोलने से क्या नुकसान होता है ? | 2019, 2022 | जाते हैं ।<br>व्यक्तित्व कुंठित हो जाता है। | नहीं बढ़ सकते। उन्हें जिंदगी में सफलता प्राप्त नहीं होगी । | |
| | | शास्त्र में सत्य बोलने का तरीके को कैसे समझाया गया है ? | April – 2017 , 2022<br>June-2017,2019, 2020 | सत्य बोलो जो दूसरों को प्रिय लगे । अप्रिय सत्य मत बोलो । | सत्य बोलो जो दूसरों को प्रिय लगे । अप्रिय सत्य मत बोलो । | 02 |
| | | पाठ के अनुसार सत्य का स्वरूप कैसा है ? | April – 2020, 2022 | भोला-भाला, बहुत ही सीधा-सादा है । सत्य दृष्टि का प्रतिबिंब है , भोला-भाला, बहुत ही सीधा-सादा है । | सत्य बहुत ही भोला-भाला, बहुत ही सीधा-सादा है । सत्य दृष्टि का प्रतिबिंब है ।<br>भोला-भाला, बहुत ही सीधा-सादा है , जो कुछ भी आँखों से देखा, उसे बिना नमक मिर्च लगाए बोलना ही सत्य है । | 02 |
| | | सत्य की महिमा पाठ में किन-किन महान व्यक्तियों का उल्लेख किया गया है ? | April – 2023 | राजा हरिश्चंद्र, राजा दशरथ, महात्मा गाँधीजी । | सत्य की महिमा पाठ में राजा हरिश्चंद्र, राजा दशरथ, महात्मा गाँधीजी, जॉन मेन्सफील्ड । | 02 |
| | नागरिक के कर्तव्य | मीना मेडम ने बच्चों को क्या संदेश दिया ?<br>अथवा<br>मीना मेडम ने अंत में छात्रों को क्या संदेश दिया | April – 2018, 2019<br>June – 2018, 2023 | बच्चों देश के भावी नागरिक हैं।<br>अभी से अपने कर्तव्यों का पालन करना चाहिए। | मीना मैडम ने बच्चों से कहा कि वे देश के भावी नागरिक हैं। उन्हें आज से नहीं, अभी से अपने कर्तव्यों का पालन करना चाहिए। इससे उनके हित के साथ-साथ देश का कल्याण भी होगा । | 02 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | देश के प्रति हमारे कर्त व्यों के बारे में लिखिए।<br>अथवा<br>नागरिक के कोई तीन कर्तव्य लिखिए । | June-2019<br>April – 2020<br>June-2020 | हमें अपने देश के राष्ट्रध्वज, राष्ट्रगान, राष्ट्रीय त्यौहार आदि का आदर करना चाहिए ।<br>देश के प्रति गौरव का भाव रखना । | देश की एकता और अखंडता को कायम रखना ।<br>समस्त देशवासियों के प्रति भाई-चारे का भाव रखना ।<br>जाति, धर्म, भाषा, प्रदेश, वर्ग पर आधारित सभी भेद भावों से दूर रहना ।<br>वैज्ञानिक दृष्टिकोण और सुधार की भावना का विकास करना । | 02 |
| | | मीना मेडम ने कार्य शिबिर में किन-किन कार्यक्रमों का आयोजन किया था ? | April – 2023 | कविता वाचन, नाटक प्रदर्शन, गुड़िया बनाना । | कविता वाचन, कविता रचना, नाटक प्रदर्शन, संभाषण कौशल, टेराकोटा गुड़िया बनाना । | 02 |

| X STANDARD- III LANGUAGE-HINDI-61-H-GRAMMAR | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| तृतीय भाषा- हिंदी | | | | | | |
| SL NO | GRAMMAR TOPIC NAME | QUESTIONS | ASKED ON EXAM - YEAR | KEY POINTS | | MARKS ALLOTED |
| 1 | वचन | 'व्यवस्था' का अन्य वचन क्या है? | Apr-15 | व्यवस्थाएँ | - | 1 |
| | | 'गिलहरी' का अन्य वचन क्या है? | Jun-15 | गिलहरियाँ | - | 1 |
| | | 'नदी' का अन्य वचन क्या है? | Apr-16 | नदियाँ | - | 1 |
| | | 'किताब' का अन्य वचन क्या है? | Jun-16 | किताबें | - | |
| | | 'नीति' का अन्य वचन क्या है? | Apr-18 | नीतियाँ | - | 1 |
| | | 'कपडे' कौन-सा वचन है? | June–2018 | बहुवचन | - | 1 |
| | | 'पुस्तक' का अन्य वचन क्या है? | Apr-19 | पुस्तकें | - | 1 |
| | | 'कमरा' का अन्य वचन क्या है? | Jun-19 | कमरे | - | 1 |
| | | 'लिफाफे' में कौन-सा वचन है? | Apr-20 | बहुवचन | - | 1 |
| | | 'कमरे' में कौन-सा वचन है? | Sep-20 | बहुवचन | - | 1 |
| | | | | | | |
| 2 | लिंग | 'छान' में कौन-सा लिंग है? | Apr-16 | पुल्लिंग | - | 1 |
| | | 'दरवाज़ा' में कौन-सा लिंग है? | Jun-16 | पुल्लिंग | - | 1 |
| | | 'लेखक' का अन्य लिंग क्या है? | Apr-17 | लेखिका | - | 1 |
| | | 'युवक' का अन्य लिंग क्या है? | Jun-17 | युवती | - | 1 |
| | | 'हाथी' में कौन-सा लिंग है? | Apr-18 | पुल्लिंग | - | 1 |
| | | 'आदमी' का अन्य लिंग क्या है? | Jun-18 | औरत | - | 1 |
| | | 'बेटा' का अन्य लिंग क्या है? | Apr-19 | बेटी | - | 1 |
| | | 'भाई' का अन्य लिंग क्या है? | Jun-19 | बहन | - | 1 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | ‹मोर' की अन्य लिंग क्या है? | Apr-20 | मोरनी | - | 1 |
| | | ‘औरत' का अन्य लिंग क्या है? | Sep-20 | आदमी | - | 1 |
| | | "श्रीमान' का अन्य लिंग क्या है? | Apr-21 | श्रीमती | - | 1 |
| | | ‹बेटी' का अन्य लिंग क्या है? | Apr-22 | बेटा | - | 1 |
| 3 | विलोम शब्द | ‹स्थिर' | Apr-15 | अस्थिर | - | 1 |
| | | 'आशा' | Jun-15 | निराशा | - | 1 |
| | | 'औपचारिक› | Apr-16 | अनौपचारिक | - | 1 |
| | | ‹स्वीकार' | Jun-16 | अस्वीकार | - | 1 |
| | | 'निकट' | Apr-17 | दूर | - | 1 |
| | | 'दिन' | Jun-17 | रात | - | 1 |
| | | ‹अमीर› | Apr-18 | गरीब | - | 1 |
| | | 'अच्छाई' | Jun-18 | बुराई | - | 1 |
| | | ‹सदाचार' | Jun-19 | दुराचार | - | 1 |
| | | 'मुश्किल' | Apr-19 | आसान | - | 1 |
| | | ‹खरीदना› | Apr-20 | बेचना | - | 1 |
| | | ‹सहयोग› | Jun-20 | असहयोग | - | 1 |
| | | शिक्षित | Apr-22 | अशिक्षित | - | 1 |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| 4 04 4 | संधि | परोपकार | April-2015,16,20 | गुण संधि | - | 1 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | संग्रहालय | June-2015,19 | दीर्घ संधि | | |
